पत्र सं0–5/पी0–2–20–06/2017

**बिहार सरकार**

**<u>जल संसाधन विभाग।</u>**

प्रेषक,

मो0 जियाउर रहमान
उप सचिव–2 (प्रबंधन)

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

/पटना दिनांक–

विषयः– श्री अम्बिका प्रसाद भगत, सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल रून्नीसैदपुर, जल संसाधन विभाग को पूर्ण पेंशन एवं पूर्ण उपादान की स्वीकृति।

प्रसंगः– विभागीय अधिसूचना सं0–1754 दिनांक–20.08.2019 एवं अधिसूचना सं0–2312 दिनांक–11.10.2018

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सरकार ने श्री अम्बिका प्रसाद भगत, सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल रून्नीसैदपुर, जल संसाधन विभाग को पूर्ण पेंशन (पूर्व में स्वीकृत 90% औबंधिक पेंशन घटाकर एवं दो दंडादेश की कटौती क्रमशः दिनांक–11.10.2018 से अधिरोपित दंड के आलोक में पेंशन से दस प्रतिशत की स्थायी रूप से कटौती के साथ तथा दिनांक–20.08.2019 से अधिरोपित दंड के आलोक में पेंशन से पाँच प्रतिशन की स्थायी रूप से कटौती के साथ) एवं पूर्ण उपादान (पूर्व में स्वीकृत 90% औपबंधिक उपादान घटाकर) की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में विहित प्रपत्र में उनसे प्राप्त आवेदन–पत्र की दो मूल प्रति पूर्व में प्रषित है। इनकी सेवानिवृति की तिथि–31.03.2017 है। आवेदक द्वारा वर्णित कुल सेवा अवधि के अन्तर्गत सेवा में टूट इत्यादि की जाँच कृपया अपने स्तर से करने के पश्चात् ही प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कार्रवाई करना चाहेंगे।

उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर सूचित करना है कि श्री अम्बिका प्रसाद भगत के जिम्मे गृह निर्माण अग्रिम/मोटरकार/ मोटर साईकिल अग्रिम, विवाह एवं विविध अग्रिम बाकी/बेबाकी शून्य है। फिर भी आप अपने अभिलेखों से भी इसकी सम्पुष्टी कर लेगें। प्रतिवेदन के अनुसार विभागीय एवं आवासीय बकाया शून्य है।

अतः अनुरोध है कि श्री अम्बिका प्रसाद भगत, सेवानिवृत, कार्यपालक अभियंता के नाम से वांछित प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह0/–
(मो0 जियाउर रहमान)
उप सचिव–2 (प्रबंधन)

ज्ञापांकः– /पटना दिनांक–

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन पटना को प्रेषित करते हुए प्रमाणित करना है कि श्री अम्बिका प्रसाद भगत, को पूर्व में 90% (नब्बे प्रतिशत) औपबंधित पेंशन एवं 90% उपादान स्वीकृत है।

ह0/–
उप सचिव–2 (प्रबंधन)

ज्ञापांकः– 2446 /पटना दिनांक– 18.9.19

**<u>स्पीड पोस्ट</u>**

प्रतिलिपिः– श्री अम्बिका प्रसाद भगत, सेवानिवृत कार्यपालक अभियंता श्रीराम कुंज अर्पाटमेन्ट फ्लैट न0–401 ए, रोड नं0–04, महेशनगर पो0–केशरी नगर थाना–पाटलिपुत्रा पटना–800024 को सूचनार्थ प्रेषित (स्पीड पोस्ट) एवं आई0 टी0 मैनेजर जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवशाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Md. Ziaur Rahman
उप सचिव–2 (प्रबंधन) 16.9.19

(27)